एक नजर में

महापौर ने परिवार सहित लिया संतों का आशीर्वाद

इंदौर . वृंदावन धाम के मलूक पीठाधीश्वर संत राजेन्द्र दास महाराज तथा इंदौर स्थित पंचकुइयां राम मंदिर के महामंडलेश्वर संत रामगोपालदास महाराज, खातीपुरा राम मंदिर के जानकीदास महाराज बुधवार को महापौर निवास पहुंचे . महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने सपरिवार एवं इष्टमित्रों सहित श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संत श्रीचरणों में पाद-प्रक्षालन एवं पदावनी कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया . संतों के दिव्य आगमन से सम्पूर्ण वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा, शांति एवं भक्ति रस का संचार हो उठा . महापौर परिवार ने इसे ईश्वर की असीम कृपा एवं सौभाग्य का क्षण बताया .

विश्वकर्मा विराट संघ का दिवाली मिलन समारोह

इंदौर . अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के तत्वावधान में दिवाली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्याम पांचाल एवं राऊ के पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता सुरेश पांचाल थे . कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमराज माई पांचाल ने की . कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री दिलीप राजपाल ने माल्यार्पण कर किया . अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के वरिष्ठ प्रदेश महामंत्री रमेश विश्वकर्मा एवं जिला अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद पांचाल ने बताया कि विश्वकर्मा पांचाल समाज का दिवाली मिलन समारोह इंडियन कॉफी हाउस सभा भवन में उत्साह के साथ मनाया गया . मंच पर उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये . उन्होंने एकता के संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया . पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान शुरू करने की पहल संगठन के प्रमुख रतलाम से आए ओमप्रकाश चित्रोड़ विश्वकर्मा ने पहल की . उक्त कार्यक्रम में विश्वकर्मा पांचाल समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिनमें सम्मानित समाजसेवी राजकुमार शर्मा, इंजी . एलजी विश्वकर्मा, प्रमुख शदर शर्मा वास्तु विशेषज्ञ विनोद विष्वकर्मा महुगांव, मदनलाल विश्वकर्मा, कैलाश पंचाल, हिरेन्द्र आर्य पंचाल, संतोष विष्वकर्मा खरगोन, दुर्गाप्रसाद पंचाल छिंदवाड़ा, लाखन कर्मा खरगोन, भाजपा युवा नेता अरूण शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष बिरजू शर्मा, दिलीप पंचाल, विनोद शर्मा, हाईकोर्ट अधिवक्ता सुधांशु उकास, अधिवक्ता वी .आर . विश्वकर्मा सतना, केजी कार्यक्रम में विश्वकर्मा अधिवक्ता रामदीन विश्वकर्मा, रामजतन विश्वकर्मा, नेकीलाल विश्वकर्मा, काशीराम विश्वकर्मा पीतमपुर, शुजालपुर से मोहनलाल विश्कर्मा, संतोष आर्य बदनानी, सज्जन उज्जैन, भोपाल से ज्योतिरेखा पंचाल, नंदिता विश्कर्मा आदि कई नारी शक्ति उपस्थित थी .

भगवान सहस्त्रबाहु जयंती समारोह का आयोजन

इंदौर . भगवान सहस्त्रबाहु जयंती समारोह का आयोजन भोपाल स्थित भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर में एलएनसिटी ग्रुप के चौकसे परिवार श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया . कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: हवन से हुआ, जिसके पश्चात भगवान सहस्त्रबाहु की आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया . इस अवसर पर शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें प्रमुख रूप से महापौर मालती राय भोपाल एवं मुख्य समारोह के आयोजक एलएनसीटी ग्रुप की प्रतिभा स्व . सुरेश चौकसे, डॉ . सुप्रभात चौकसे, डॉ . संध्या चौकसे, देवर अम्बरीश चौकसे, सहित हजारों श्रद्धालुओं एवं समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया . डॉ . संध्या चौकसे ने बताया कि मंदिर में प्रज्वलित यह दिव्य ज्योत महेश्वर से लाई गई है, जो पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से निरंतर प्रज्वलित है . इस पवित्र परंपरा की शुभ शुरुआत 22 नवंबर 2001 को स्वर्गीय सुरेश कुमार चौकसे ने की थी . उनके द्वारा आरंभ की गई यह ज्योत आज भी हमारे परिवार और समाज में भक्ति, आस्था और एकता का प्रतीक बनी हुई है . भगवान सहस्त्रबाहु से सभी के सुख, समृद्धि और कल्याण की हार्दिक कामना करते हैं .

इंदौर के कलेक्टर रहे एसके सूद का निधन

इंदौर . आपातकाल के दौरान इंदौर के कलेक्टर रहे सुधीर कुमार सूद का मंगलवार को निधन हो गया . वे संभवत- एक मात्र ऐसे आईएएस अफसर थे, जिन्हें इंदौर में अपर कलेक्टर, कलेक्टर और फिर कमिश्नर के रूप में काम करने का मौका मिला . इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में इंदौर बायपास की प्लानिंग उन्हीं के दौर में हुई थी . श्री सूद कैंसर की बीमारी से ग्रसित थे और पिछले कुछ समय से भोपाल के चिरायु अस्पताल में भर्ती थे . 1965 बैच के आईएएस अफसर श्री सूद की गिनती प्रदेश के उन आईएएस अफसर में होती थी, जो जिस भी पद पर पदस्थ रहे, उसे एक नई ऊंचाई दी .

अलीजा सरकार के दरबार में आस्था का उल्लास, अन्नकूट कल

इंदौर . पश्चिम क्षेत्र स्थित वीर अलीजा सरकार के दरबार में आंवला नवमी पर शुक्रवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा . वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बुधवार सुबह 51 अलग-अलग प्रकार के फल औषधि और इत्र से अभिषेक किया गया, जो एक घंटे तक जारी रहा, फिर 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए बनने वाले भोजन प्रसाद के लिए भट्टियों का पूजन किया गया . बड़ी संख्या में महाराज प्रसादी बनाने में जुटे हुए हैं . गादीपति ब्रह्मचारी पवनानंद महाराज ने बताया कि इस महोत्सव के लिए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में विशेष तैयारियां हो गई हैं . वीर अलीजा सरकार के सरी नंदन का कल एक किलो शुद्ध केसर से दिव्य श्रृंगार किया जाएगा . यह केसर बाद में भक्तों में प्रसाद स्वरूप वितरित की जाएगी .

आईडीए से प्लॉट बेचने में सहयोग लेने आया यूडीए

▶ होटल मेरियट में कमर्शियल प्लॉटों को लेकर निवेशकों के साथ बैठक

इंदौर. आज शहर की एक निजी होटल में उज्जैन विकास प्राधिकरण के अधिकारी स्थानीय बड़े व्यवसायिक निवेशकों से प्लॉट खरीदने का ऑफर देकर बैठक की. बैठक में उज्जैन विकास प्राधिकरण ने आईडीए को प्लॉट बेचने में सहयोग की अपील के साथ बैठक में भी शामिल किया. इस दौरान आईडीए ने भी निवेशकों को सुपर कॉरिडोर पर 11 प्लॉटों को बेचने की जानकारी दी.

इन्दौर विकास प्राधिकरण, उज्जैन विकास प्राधिकरण एवं म.प्र. टूरिजम द्वारा संयुक्त रूप से निवेश करने के लिए टेंडरों को लेकर प्रीबिड मीटिंग की गई. इन्दौर विकास प्राधिकरण सीईओ डॉ. परिक्षित झाड़े ने बताया कि प्राधिकरण के सुपर कॉरिडोर उपयोग के विभिन्न आकार के 11 भूखण्डों निविदा बुलाई जाना है. उस संबंध में निवेशकों के सवाल-जवाब एवं सुझाव प्राप्त किए गए. झाड़े ने बताया कि इसके अतिरिक्त प्राधिकारी द्वारा कन्वेशन सेन्टर एवं स्टार्ट अप पार्क का क्रियान्वयन भी पीपीपी मोड में करेगा, जिसके प्रस्ताव बुलाए जाएंगे. सिंहस्थ को देखते हुए व्यवसायिक भूखण्डों पर होटल निर्माण संबंधी भूमि विकास नियम एवं अनुमति के आवश्यक प्रावधानों का भी उल्लेख किया गया.

उज्जैन में निवेश के लिए प्लाट्स-उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि उज्जैन विकास प्राधिकरण के क्षिप्रा विहार वाणिज्यिक परिसर के 10 लाख वर्गफूट से अधिक क्षेत्रफल में वाणिज्यिक होटल, माल एवं व्यवसायिक गतिविधियों हेतु निवेश के प्लॉट्स है. सोनी ने कहा कि क्षिप्रा विहार में 14 वाणिज्यिक भूखण्ड, त्रिवेणी विहार में 3 वाणिज्यिक भूखण्ड एवं गुलमोहर योजना में 5 वाणिज्यिक-सह-आवासीय भूखण्डों के टेंडर की जानकारी दी.

होटल निर्माण में पर्यटन नीति को बताया

म.प्र. पर्यटन के राजेश गुप्ता ने टूरिज्म में निवेश के अवसरों विशेषकर होटल निर्माण में पर्यटन नीति को प्रोत्साहन देने को विस्तार से समझाया. आगामी सिंहस्थ को देखते हुए प्राधिकरण की सम्पत्तियों में निवेश करने की बार कही. कार्यक्रम में मुख्य रूप गुजरात से एस .व्हाय . ब्रह्म भट्ट, एन .आर .के . ग्रुप, एस.एस. इन्फनीटी, बी .सी .एम. ग्रुप, वॉव होटल ग्रुप, 21-सी माल ग्रुप के निवेशक और प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

एक ही दिन में धारदार हथियार के साथ पांच गिरफ्तार

▶ अवैध हथियार रखने वालों पर पुलिस का शिकंजा

इंदौर. त्योहारों के चलते शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सघन चेकिंग अभियान चला रही है. मंगलवार रात अलग-अलग थानों की टीमों ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को अवैध धारदार हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है. सभी मामलों में पुलिस आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ कर रही है.

शहर के अलग-अलग इलाकों से पकड़े गए आरोपियों के पास से तलवार, चाकू और छुरे जैसे हथियार बरामद हुए हैं. यह कार्रवाई त्योहारों के दौरान बढ़ी गश्त और संदिग्धों की तलाशी के दौरान की गई. सदर बाजार पुलिस ने 51 वर्षीय मनोज रघुवंशी निवासी भिस्ती मोहल्ला को बक्षीबाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया. तलाशी में उसके पास से लोहे की धारदार तलवार मिली. आरोपी से हथियार रखने का लाइसेंस मांगा तो वह न तो कोई जवाब दे पाया और न ही कोई दस्तावेज प्रस्तुत कर पा रहा है. इसी तरह विजयनगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के शहीद पार्क के आगे खाली मैदान में 34 वर्षीय राहुल प्रजापत निवासी अंबिका नगर को संदिग्ध हालत में पकड़ा. तलाशी में उसके पास से लोहे का तेज धारदार चाकू बरामद हुआ. खजराना पुलिस ने थाना क्षेत्र के एमआर-10 स्टार चौराहा के पास चेकिंग के दौरान 25 वर्षीय साजिद खान निवासी राजीव नगर को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया. वहीं, कनाड़िया पुलिस ने स्नेहजीव गार्डन के आगे, भेरूबाबा मंदिर के पास से 22 वर्षीय हर्ष यादव निवासी नीलगिरी परिसर दूधिया मल्टी को पकड़ा. उसकी कमर से लोहे का धारदार छुरा जप्त किया है. चंदन नगर पुलिस ने स्कीम नंबर 71 सर्विस रोड से 28 वर्षीय शाहरूख उर्फ बॉडीगार्ड निवासी गुलाब बाग कॉलोनी के पास से एक धारदार चाकू जप्त किया है.

17 लाख का 34 सौ लीटर नकली घी जब्त, फैक्ट्री सील

▶ खाद्य विभाग ने शहर में की कार्रवाई

इंदौर. आज खाद्य विभाग ने शहर में नकल घी की फैक्ट्री में छपा मारा. छापे के दौरान बड़ी कारवाई कर करीब 34 लीटर नकली घी जब्त किया. नकली घी की कीमत करीब 17 लाख रुपए बताई जा रही है. नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री को भी सील करने की कारवाई की गई है.

आज खाद्य विभाग ने शहर के पूर्वी क्षेत्र में स्थित पालदा औद्योगिक इलाके की श्रीराम मिल्क फूड डेयरी इंडस्ट्री पर छापा मारकर नकली घी जब्त किया. खाद्य अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि महाराष्ट्र से कावल्या और डेयरी पावर नाम के वनस्पति घी, पॉम ऑयल और एसेंस मिलाकर नकली घी बनाया जा रहा था. उक्त नकल घी का नई लैब में पहले सेंपल लेकर जांच कराई गई थी. जांच में शुद्ध घी में वनस्पति घी, पॉम ऑयल और एसेंस की 60 प्रतिशत मात्रा पाई गई. इसके बाद खाद्य विभाग ने पालदा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित नकली घी की फैक्ट्री पर छापा मारा. छापे के दौरान तीन बड़ी मिक्सर मशीन, करीब 34 सौ लीटर से ज्यादा नकली घी जब्त किया गया. उक्त घी को इंदौर के आसपास छोटे शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मदर चॉइस के आकर्षक पैक में सप्लाई किया जा रहा था. जब्त नकली घी का बाजार मूल्य करीब 17 लाख रुपए है.

जांच रिपोर्ट के बाद करेंगे कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि नकली घी नमूने लिए है . नकली घी नमूने जांच के लिए नई लैब में भेजे जा रहे है . जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कारवाई के जाएगी . फिलहाल कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश पर पालदा में श्रीराम मिल्क फूड डेयरी इंडस्ट्री फैक्ट्री सील कर दिया है .

इंदौर हुआ क्लब-फूट बीमारी मुक्त जिला

▶ राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में 0 से 18 तक के बच्चों के परीक्षण में मिसाल बना शहर

नव भारत न्यूज

इंदौर. इंदौर जिले को क्लब-फूट मुक्त घोषित किए जाने पर राज्य स्तर से विशेष सराहना मिली है. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने जिले की उपलब्धि को स्वास्थ्य विभाग की प्रतिबद्धता और जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है. उन्होंने कहा कि जन्मजात विकृति जैसे क्लब-फूट का समय पर उपचार बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में बड़ा कदम है.

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य ग्राम स्तर पर आंगनवाड़ी केन्द्रों, शासकीय एवं अनुदान प्राप्त स्कूलों में मोबाइल हेल्थ टीमों द्वारा किया जा रहा है. यह परीक्षण 4-डी जन्मजात विकृतियां, बाल्यावस्था रोग, पोषण संबंधी कमियां और विकासात्मक विलंब के अंतर्गत किया जाता है, जिसमें चिन्हांकित बच्चों का उपचार सुनिश्चित किया जाता है. जिले ने कार्ययोजना अनुसार 31 मार्च 2025 तक 2 से 18 वर्ष तक के क्लब-फूट से पीड़ित बच्चों की सर्जरी कराकर जिला क्लब-फूट मुक्त घोषित किया है. यह उपलब्धि जिलाधीश शिवम वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा टीम के संयुक्त प्रयासों से हासिल की गई है.

मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने अपने पत्र में लिखा है कि क्लब-फूट जैसे जन्मजात दोष का समय पर उपचार और बच्चों के विकास में देरी की पहचान के लिए इंदौर जिले द्वारा किए गए प्रयास सराहनीय हैं. उन्होंने कहा कि जागरूकता, समयबद्ध पहचान, समुचित उपचार और सतत निगरानी के जरिए इंदौर ने अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में प्रत्येक मंगलवार को क्लब-फूट से ग्रसित बच्चों के लिए नि:शुल्क ओपीडी संचालित की जाती है. यहां पॉसेटी पद्धति से बच्चों का उपचार कर उन्हें सामान्य जीवन की ओर लौटने में सहायता दी जा रही है.

क्या होती है क्लब-फूट बीमारी

क्लब-फूट एक जन्मजात दोष है, जिसमें बच्चे का एक या दोनों पैर अंदर और नीचे की ओर मुड़े हुए होते हैं . यह स्थिति टेंडन के असामान्य रूप से छोटे होने के कारण होती है, जो मांसपेशियों को हड्डियों से जोड़ते हैं . प्रारंभिक उपचार के साथ इस स्थिति को ठीक किया जा सकता है .

शॉर्ट फिल्म दी स्माइल आई वास वेटिंग फॉर को चार अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

▶ क्लिफ्ट लिप एवं पैलेट के प्रति जागरूकता फैलाने का का भावनात्मक प्रयास

इंदौर. शहर के डॉ. जयदीप सिंह चौहान और उनकी टीम द्वारा बनाई गयी तीन मिनट की फिल्म दी स्माइल आई वास वेटिंग फॉर ने इंदौर का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है. इस फिल्म को लॉस एंजेलिस, म्यूनिख, मुंबई और पुणे में आयोजित चार प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सवों में पुरस्कार प्राप्त हुए हैं.

यह फिल्म एक अत्यंत मानवीय उद्देश्य से बनाई गई है- सामान्य जनमानस में क्लेफ्ट लिप (कटे होंठ) और पैलेट (तालू में जन्मजात छेद) जैसी चेहरे की विकृतियों के उपचार के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए. डॉ. चौहान ने कहा इस फिल्म के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि हर बच्चे को मुस्कुराने, सपने देखने और आत्मविश्वास से जीने का अवसर मिलना चाहिए. यह फिल्म वास्तविक घटनाओं पर आधारित है और उन बच्चों की भावनात्मक यात्रा को दर्शाती है जिन्हें जन्म के तुरंत बाद

उनके जैविक माता-पिता ने त्याग दिया था. पिछले एक दशक में संजीवनी सेवा संगम, इंदौर नामक सामाजिक संस्था ने ऐसे तीन बच्चों को आश्रय दिया. स्माइल ट्रेन सेंटर, केयर सीएचएल हॉस्पिटल में किए गए नि:शुल्क सर्जिकल उपचार के बाद ये बच्चे प्रेमपूर्ण परिवारों द्वारा गोद लिए गए- यह उनके जीवन का नया और आनंदपूर्ण अध्याय बना. फिल्म को ग्रेट मैसेज इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल पुणे में 'सर्वश्रेष्ठ स्मार्टफोन शॉर्ट फिल्म' पुरस्कार से सम्मानित किया गया. 13वें इंडियन सिने फिल्म फेस्टिवल मुंबई में 'स्पेशल फेस्टिवल मेंशन' सम्मान प्राप्त किया. वहीं बेटर वर्ल्ड फिल्म फेस्टिवल, म्यूनिक में इसे 'सनराइज ट्रॉफी विनर' के रूप में सम्मानित किया गया.

महू पहुंचा आर्टिलरी रेजिमेंट का पैरा मोटर अभियान

महू. भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट द्वारा संचालित पैरा मोटर अभियान बुधवार को महू पहुंचा. यह अभियान आगरा से देवलाली (नासिक) तक 1212 किलोमीटर की हवाई यात्रा का हिस्सा है, जिसे विशिष्ट शत्रुजीत ब्रिगेड के पैरा बुल तोपचियों द्वारा संचालित किया जा रहा है.

यह साहसिक अभियान 23 अक्टूबर को पैरा मोटर नोड, आगरा से शुरू हुआ था. इसे मेजर जनरल अरविंद यादव, अतिरिक्त महानिदेशक आर्टिलरी (बी) एवं कर्नल कमांडेंट ग्रुप ङ्कढ्ढ और ब्रिगेडियर नवीन कुमार (वीएसएम), कमांडर 50 इंडिपेंडेंट पैराशूट ब्रिगेड ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था. अभियान भारतीय सेना के अदम्य साहस, सहनशक्ति और सटीकता का प्रतीक है. बुधवार को महू से लेफ्टिनेंट जनरल विवेक डोगरा (सेना मेडल), कमांडेंट, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई) और कर्नल कमांडेंट, कोर ऑफ सिग्नल्स ने अभियान को हरी झंडी दिखाकर आगे रवाना किया.

मेजर निखिल पंडिता के नेतृत्व में आगे बढ़ रही टीम-अभियान का नेतृत्व मेजर निखिल पंडिता कर रहे हैं.

यह टीम एयरबोर्न गनर्स की साहसिक भावना और व्यावसायिकता को दर्शाती है. अब तक दल ग्वालियर, तालबेहट, सागर, भोपाल और महू जैसे पड़ावों से उड़ान भर चुका है. यह पैरा मोटर टीम 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ान भरते हुए अपने गंतव्य की ओर अग्रसर है.

युवाओं को सेना में शामिल होने की प्रेरणा देना उद्देश्य-अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और बच्चों में देशभक्ति और सेना में शामिल होने की प्रेरणा जगाना है. यह युवाओं को साहसिक गतिविधियों, शारीरिक फिटनेस, नेतृत्व और अनुशासन की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश देता है.

उच्चाधिकार प्राप्त विक्रय समिति
(माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित)
कार्यालय का पता- चतुर्थ तल, प्लॉट संख्या 226, ए-2, सेक्टर-17, द्वारका, नई दिल्ली-110075
टेलीफोन- 011-40073576

सार्वजनिक सूचना

साईं प्रसाद समूह की कंपनियों की अचल संपत्तियों की ई-नीलामी हेतु विक्रय सूचना

1. माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बालासाहेब केशवराव भापकर एवं अन्य बनाम भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के मामले में रिट याचिका (सीआरएल) संख्या 546/2023 में पारित दिनांक 15 जुलाई 2024 के आदेश द्वारा उच्चाधिकार प्राप्त विक्रय समिति का गठन किया गया है .

सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 19.02.2025 के आदेश (पैरा 5 (iii)) के अनुसार, मध्य प्रदेश में स्थित 57 संपत्तियों (भोपाल में 4 संपत्तियां, इंदौर में 2, सीहोर में 1, बालाघाट में 1, हरदा में 1, ग्वालियर में 1, विदिशा में 1, बीना में 1 और आगर मालवा में 45 संपत्तियां) की ई-नीलामी के माध्यम से साईं प्रसाद समूह की कंपनियों की संपत्तियों के परिसमापन हेतु समिति का गठन किया गया है . इसके फलस्वरूप प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) जारी किया गया है, जिसे संपत्ति के दस्तावेजों के साथ यहां देखा जा सकता है-
www.bankeauctionwizard.com
www.hpsc-saiprasad.com

2. ई-नीलामी में भागीदारी के विवरण आरएफपी में उपलब्ध हैं . आरएफपी की प्रमुख तिथियां इस प्रकार हैं :-

● आरएफपी प्रकाशन की तिथि	30 अक्टूबर, 2025
● आगर मालवा आरएफपी के लिए बोली की अंतिम तिथि और समय	28 नवंबर, 2025
● ई-नीलामी आगर मालवा आरएफपी की आरंभ तिथि/समय	15 दिसंबर, 2025 प्रात : 11.00 बजे
● शेष संपत्तियों के लिए बोली की अंतिम तिथि और समय	20 नवंबर, 2025
● शेष संपत्तियों के लिए ई-नीलामी की आरंभ तिथि और समय	8 दिसंबर, 2025 प्रात : 11.00 बजे

लागू शर्तें :-

3. सभी संपत्तियाँ 'जैसी हैं, जहाँ हैं, जो भी हैं' के आधार पर बेची जाएंगी और क्रेता उनसे संबंधित सभी दावों, देनदारियों और/या भारों के लिए उत्तरदायी होगा .
4. इस सूचना और इस निविदा दस्तावेज़ के अंतर्गत आरएफपी में उल्लिखित संपत्तियों का विवरण विक्रेता को उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार है और न तो विक्रेता और न ही एजेंसी, किसी भी कारण से संपत्तियों के आकार में किसी भी प्रकार के परिवर्तन के लिए किसी भी तरह से उत्तरदायी होगी .
5. समिति किसी भी प्रकार से किसी भी विसंगति के लिए उत्तरदायी नहीं होगी . संपत्तियों/उनके स्वामित्व विलेखों के संबंध में, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे संपत्तियों के स्वामित्व के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच-पड़ताल करने के बाद ही अपनी बोलियां प्रस्तुत करें .
6. इच्छुक बोलीदाता, जिन्हें सहायता की आवश्यकता हो, ईमेल आईडी- hpsc.saiprasad@stockholdingdms.com पर या सुश्री स्नेहल पाटिल, उप प्रबंधक, स्टॉक होल्डिंग डीएमएस 022-61778742 पर संपर्क कर सकते हैं .

सीबीसी 15204/11/0179/2526

वरिष्ठ नेताओं के निवास पर पहुंचे नवनियुक्त पदाधिकारी

▶ सीखे संगठन को मजबूत करने के गुर

इंदौर. भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारी आज संयुक्त रूप से वरिष्ठ नेताओं के निवास पर पहुंचे और वरिष्ठ नेताओं से आशिर्वाद लिया.

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के नेतृत्व में बनी नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारी आज सुबह से देर रात तक वरिष्ठ नेताओं के निवास पर आभार व्यक्त करने एवं आशिर्वाद लेने पहुंचे. सबसे पहले नवनियुक्त पदाधिकारी विधायक महेंद्र हार्डिया के निवास पहुंचे, हार्डिया ने सभी का मुँह मीठा करवाकर बधाई दी. विधायक हार्डिया ने पदाधिकारियों को संगठन की रीति नीति अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित किया. इसके बाद पदाधिकारी महापौर पुष्य मित्र भार्गव के निवास पहुंचे, महापौर भार्गव ने सभी पदाधिकारियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया. उन्होंने कहा कि पदाधिकारी होने के नाते आप केंद्रनित मोदी सरकार सरकार, मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व वाली

प्रदेश सरकार और नगर निगम की योजनाओं, नीतियों और विकास कार्यो की जानकारी रखें, ताकि मंचों पर आप भाजपा के विचार को प्रभावी तरीके से रख सके.

इसके पश्चात पदाधिकारी विधायक रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, सत्यनारायण सत्तन, कृष्णमुरारी मोघे, बाबुसिंह रघुवंशी, गोपीकृष्ण नेमा, कैलाश शर्मा के निवास पहुंचे और आशिर्वाद लिया. वरिष्ठ नेता बाबुसिंह रघुवंशी ने कहा कि आपको नगर पदाधिकारी जैसा महत्वपूर्ण पद मिला है, पदाधिकारी होने के नाते शहर के प्रत्येक बूथ की जानकारी आपको होना चाहिए. इसलिए बूथों पर प्रवास करे. गोपीकृष्ण नेमा ने कहा कि संगठन में जो दायित्व मिला है, उस दायित्व को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करे. इस अवसर पर हरप्रीत सिंह बक्शी, महामंत्री सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा, कैलाश पिपले, भूपेंद्र केसरी, दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, दीप्ति हाडा, स्वाति कशीद, गौतम शर्मा वासुदेव पाटीदार, मंजू ठाकुर, इंदु श्रीवास्तव, नेहा शर्मा, सचिन बंसल, विशाल यादव, नारायण पालीवाल, रानू अग्रवाल, राजा कोठारी, सुखविंदर भाटिया (मन्नी), दीपेश पंचोरी आदि उपस्थित थे.

Chola Enter a better life
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालय : 'चोला क्रेस्ट', सी54 और 55, सुपर बी-4, थिरु .वि .का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई-600032

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधान के साथ पठित.
इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक हैं, जिनका कब्जा चोलामंडलम निवेश एवं वित्त कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें इसके पश्चात चोलामंडलम निवेश एवं वित्त कंपनी लिमिटेड के रूप में संदर्भित किया जाएगा . सुरक्षित संपत्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 'जहां है, जैसा है', 'जो है, जैसा है', तथा 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा .
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://bankauctions.in/ के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं .

खाता संख्या और उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, बंधककर्ता का नाम	बकाया राशि	अचल संपत्ति का विवरण (सुरक्षित संपत्ति)	रिजर्व प्राइस/ ईएमडी/ बिड वृद्धि राशि
ऋण खाता संख्या TL01IND00000046232 **1. मेसर्स जागिड़ सेल्स कॉर्पोरेशन** (उधारकर्ता) सर्वेक्षण संख्या 297, संजीत रोड, जग्गाखेड़ी, मंदसौर, मध्य प्रदेश-458001 **2. श्री राजेंद्र कुमार शर्मा** (सह-उधारकर्ता) **3. श्रीमती रेखा शर्मा** (सह-उधारकर्ता) **4. श्रीमती देऊ बाई शर्मा** (सह-उधारकर्ता) **5. श्री मांगीलाल शर्मा** (सह-उधारकर्ता) **6. श्री महेश कुमार शर्मा** (सह-उधारकर्ता), **क्रमांक 2 से 6 तक**, निम्नलिखित स्थानों पर निवास करते हैं :- वार्ड क्रमांक 20, ग्राम-बूढ़ा, तहसील मल्हारगढ़, पोस्ट-बूढ़ा, मंदसौर, मध्य प्रदेश-458556.	27.10.2025 तक रु. 1,59,73,796/-	**मद संख्या 1 :** सर्वेक्षण संख्या 390/1/1, सर्वेक्षण संख्या 390/1/2, सर्वेक्षण संख्या 390/2, सर्वेक्षण संख्या 390/3, ग्राम बूढ़ा, पीएच .सं . 49, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर, मध्य प्रदेश की व्यपवर्तित भूमि का वह समस्त टुकड़ा . क्षेत्रफल **0.35 हेक्टेयर (या 3500 वर्ग मीटर)** निम्नलिखित सीमा- पूर्व- इस सर्वेक्षण संख्या की शेष भूमि, पश्चिम- फारुक अली और कौशल्या बाई की भूमि, उत्तर- खेत की सड़क, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि और अशोक जैन की भूमि .	**रु. 3,54,00,000/-** **रु. 35,40,000/-** **रु. 1,00,000/-**
		मद संख्या 2 : संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, आवासीय सह व्यावसायिक भवन, भूमि सर्वेक्षण संख्या 2628, ग्राम बूढ़ा, तहसील मल्हारगढ़, पीएच .सं . 49, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर, मध्य प्रदेश पर स्थित है . क्षेत्रफल **2043.86 वर्ग फुट** या **189.88 वर्ग मीटर** . सीमा इस प्रकार है- पूर्व- कंवरलाल का मकान, पश्चिम- रामानंद का मकान, उत्तर- मुख्य सड़क, दक्षिण- रफीक शाह का मकान .	**रु.